## पूर्व मध्य रेल
## संरक्षा बुलेटिन नं0–05/25

कार्यालय
महाप्रबंधक/संरक्षा
हाजीपुर

पत्र सं0 ईसीआर/संरक्षा बुलेटिन/05/25 दिनांकः 19.05.2025

विषयः दिनांक 26.04.2025 को पूर्व सीमा रेल के अलीपुरद्वार मंडल में रानीनगर जलपाईगुड़ी रोड–जलपाईगुड़ी रोड स्टेशनों के मध्य गाड़ी संख्या UP IPRN BTPN (लोड) के एक टंकी वैगन में हुई आग लगने की घटना के संबंध में ।

### 1. संक्षिप्त विवरणः

दिनांक 26.04.2025 को अलीपुरद्वार मंडल (पूर्व सीमा रेल) के अन्तर्गत गेट मैन NN-13 के द्वारा तकरीबन 01.25 बजे जब गाड़ी संख्या UP IPRN BTPN (लोड) पास कर रही थी उसी समय टंकी वैगन सं0 SER/BTPN 140079269168, ट्रेन इंजन सं0 –33637 से 23 वे टंकी वैगन के डोम कवर के पास (जो खुली अवस्था में थी) में आग देखा गया । गाड़ी चालक द्वारा तुरंत गाड़ी को नियंत्रित किया गया और गेटमैन द्वारा सूचना मिलने पर कार्यरत स्टेशन मास्टर/जलपाईगुड़ी रोड द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया । फायर बिग्रेड तकरीबन 03.00 बजे घटना स्थल पहुँची, रेलवे के पथनिरीक्षक, यातायात निरीक्षक एवं फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा स्टेशन से उपलब्ध कराए गए 04 फायर नियंत्रक का इस्तेमाल करके लगभग 03.15 बजे तक आग पर नियंत्रण किया गया ।

### 2. प्रकियागत विफलताः

उपरोक्त गाड़ी में तेल भराव IOC/बरौनी द्वारा किया गया था । चूँकि आग टंकी वैगन के डोम कवर/मैन होल कवर के पास देखा गया था इससे यह प्रतीत होता है कि उस टंकी वैगन के “मैन होल कवर का सीलिंग” सही नहीं था तथा “Vapour निकासी कैप” खुली अवस्था में थी जिस कारण उपरोक्त आग की घटना घटित हुई ।

### 3. जाँच के दौरान स्थापित तथ्यः

(i) दुर्घटना जॉच में यह पाया गया कि उपरोक्त टंकी वैगन के 04 आई वोल्ट ढीली थी और 02 आई वोल्ट लगा हुआ नहीं था ।

(ii) मैन होल कवर का सीलिंग रिंग गायब था ।

(iii) फीलिंग पाइप का सीलिंग रिंग नहीं था ।

(iv) सीलिंग कैप का आई–वोल्ट नट नहीं था ।

(v) भाप (Vapour) निकासी कैप खुली अवस्था में थी ।

(vi) हैंडल के नजदीक मैन होल कवर पर स्पार्किंग के 05 निशान मौजूद थे ।

(vii) IOC/बरौनी द्वारा द्वारा लगाया जाने वाला गैर धातु सील नहीं था । इसके अतिरिक्त उस टंकी वैगन के प्रभावित हिस्से के सूक्ष्म जॉच में यह भी पाया गया कि सभी 06 आई वोल्ट ढीले थे, आई वोल्ट नट के फीलिंग कैप जाम की अवस्था में थे, डीप नट भी खुला था तथा भाप निष्कासक कैप भी खुला था ।

**4. नियमों का अनुपालन एवं बरती जानेवाली सावधानियाँ**

तेल भराव के दौरान एवं IOC/बरौनी से BTPN तेल गाड़ी की निकासी से पहले रेलवे के परीक्षक/गाड़ी प्रबंधक एवं अन्य कर्मचारीगण यह सुनिश्चित करें कि

(i) मैन होल कवर के सभी नट वोल्ट अच्छी तरह से कसे हुए हैं ।

(ii) मैन होल कवर के सीलिंग रिंग सही जगह पर लगाकर ही मैन होल ढक्कन बंद किया गया है ।

(iii) सीलिंग कैप कं सभी वोल्ट सही से लगे हुए हैं ।

(iv) भाप (Vapour) निकासी कैप अच्छी तरह से बंद हैं ।

(v) IOC/बरौनी द्वारा सभी निर्धारित सील लगाए गए हैं ।

(vi) फीलिंग पाइप का सीलिंग रिंग सही अवस्था में है ।

(vii) सभी तेल वैगनों के मास्टर वाल्व स्पिंडल सही है ।

उपरोक्त निर्देशों का सर्वसंबंधित द्वारा कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए । मंडलों के संबंधित अधिकारीगण तथा पर्यवेक्षक नियमित तथा औचक निरीक्षण के समय इन निर्देशों का अनुपालन अवश्य देखें।

19/05/25

(प्रभास राघव)
उप मुख्य संरक्षा अधिकारी/यातायात

प्रतिलिपिः-

1. महाप्रबंधक के सचिव-महाप्रबंधक महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अपर महाप्रबंधक, प्र0 मु0 परि0 प्र0, प्र0 मु0 इंजी0, प्र0 मु0 वि0 इंजी0, प्र0 मु0 सि0 एवं दू0 इंजी0, प्र0 मु0 यां0 इंजी0 -को सादर सूचनार्थ।
3. मु0 यां0 यो0 प्र0, मु0 या0 या0 प्र0, मुख्य ट्रैक इंजी0, मु0 सि0 इंजी0, मु0वि0वि0इंजी0, मु0 वि0 लो0 इंजी0
4. मंडल रेल प्रबंधक/धनबाद, दीनदयाल उपाध्याय नगर, दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर।
5. वमसंअ0 वमपरिप्र0 वमंविई0 (टीआरडी), वमंविई0 (परि0), वमंसिदूई0 , वमअभि0 (सम0)धनबाद, दीन दयाल उपाध्याय नगर, दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर।
6. सभी सर्व संबंधित पर्यवेक्षक एवं रेल कर्मचारी।